**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–12.01.2025 (सुबह 08:30 बजे)**

**मुख्य समाचार**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय युवा दिवस पर आज नई दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद में युवाओं से करेंगे बातचीत।**
- **स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा–राज्य में एक हजार नये प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोले जाएंगे, स्वास्थ्य व्यवस्था को बनाया जाएगा सुदृढ़ और बेहतर।**
- **झारखंड में ठंड का कहर जारी, आज से सत्रह जनवरी तक राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में छायेंगे बादल।**
- **आज से रांची में पहली महिला एचआईएल का होगा आगाज, पहला मैच दिल्ली एसजी पाईपर्स और ओड़िसा वारियर्स के बीच के खेला जाएगा।**

*****************

आज राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नई दिल्ली के भारत मंडपम में विकसित भारत युवा नेता संवाद में भाग लेंगे। श्री मोदी देशभर के तीन हज़ार युवा नेताओं के साथ संवाद करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विकसित भारत युवा नेता संवाद देश के युवाओं को राष्ट्र की विकास यात्रा में शामिल करने की एक अनूठी पहल है। श्री मोदी ने युवा और खेल मामलों की राज्य मंत्री रक्षा खडसे का राष्ट्रीय युवा उत्सव 2025 और विकसित भारत युवा नेता संवाद पर लिखा एक लेख साझा करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए युवाओं में ऊर्जा, रचनात्मकता और नेतृत्व को दिशा प्रदान करना है।

*****************

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा है कि राज्य में एक हजार नये प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र–पीएचसी खोले जाएंगे। उन्होंने कहा है कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ और बेहतर बनाया जाएगा और चिकित्सकों की भी नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना में दंत चिकित्सा की सेवाएं भी शामिल की जाएगी। कल रांची के आईएमए भवन में आयोजित झासा दंत संवर्ग के राज्य स्तरीय सम्मेलन को स्वास्थ्य मंत्री संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य के चिकित्सकों को पूरी सुरक्षा मुहैया करायी जाएगी। डॉक्टर बेझिझक अपनी सेवा दें।

*****************

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की पॉपुलेशन रिसर्च सेंटर (पीआरसी) की दो सदस्यीय टीम ने अपने तीन दिवसीय दौरे के अंतिम दिन देवघर सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। केंद्रीय पीआरसी टीम की सदस्य डॉ प्रियंका और डॉ प्रज्ञा ने केंद्र सरकार की ओर से संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का भौतिक सत्यापन के साथ दस्तावेजों की भी जांच की। टीम ने अस्पताल में संचालित सभी ओपीडी, ओटी, आइसीयू, इमरजेंसी वार्ड, जेरीयाट्रीक वार्ड, महिला वार्ड, लेवर वार्ड, एसएनसीयू, आयुष्मान वार्ड, दवा वितरण केंद्र सहित अन्य वार्डों का निरीक्षण किया। टीम के सदस्यों ने ओपीडी में तैनात चिकित्सकों से मरीजों से संबंधित जानकारी ली।

*****************

सरायकेला में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के प्रसार को देखते हुए जिला प्रशासन ने आम लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

*****************

झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो ने गिरिडीह में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत चलाए जा रहे कार्यक्रम का अवलोकन किया। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी लोगों से वृक्षारोपण की अपील की।

*****************

महाकुंभ 2025 की शुरुआत कल से पहले अमृत स्नान के साथ होगी। इस भव्य आयोजन में श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। 45 दिनों तक चलने वाला यह भव्य आयोजन न केवल आध्यात्मिकता और आस्था को प्रदर्शित करेगा, बल्कि दुनियाभर से आने वाले करोड़ों तीर्थयात्रियों के लिए एक व्यवस्थित चिकित्सा सुविधा भी प्रदान करेगा।

*****************

झारखंड में ठंड का कहर जारी है। पहाड़ो से आने वाली सर्द हवाओं की वजह से ठंड का असर आम जनजीवन पर पड़ा है। मौसम विभाग के अनुसार आज से सत्रह जनवरी तक रांची सहित राज्य के कई जिलों में बादल छाये रहने की संभावना है। इससे न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है। ठंड के कारण राज्य के अधिकांश जिलों का न्यूनतम तापमान दस डिग्री से नीचे चला गया है। पिछले चौबिस घंटे में गुमला जिले का न्यूनतम तापमान तीन दशमलव सात डिग्री वहीं रांची का न्यूनतम तापमान सात दशमलव छह डिग्री रहा।

*****************

आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग, अपने साप्ताहिक कार्यक्रम पब्लिक स्पीक में आज रात साढ़े नौ बजे टीबी–मुक्त भारत विषय पर परिचर्चा प्रसारित करेगा। चर्चा के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के उप–महानिदेशक–डीडीजी (टीबी) प्रोफेसर उर्वशी बी. सिंह हमारे स्टूडियो में मौजूद रहेंगे। आमंत्रित विशेषज्ञ से कार्यक्रम के दौरान आपदा प्रबंधन की तैयारियों से जुड़े प्रश्न पूछे जा सकते हैं। श्रोता, हमारे विशेषज्ञ से टीबी की पहचान और उपचार, सरकार दौरा चलाए जा रहे सौ दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान से संबंधित सवाल भी पूछ सकते हैं। यह सवाल टेलीफोन नंबर 011–23 42 10 50 और 011–23 31 44 44 पर पूछे जा सकते हैं।

******************

आज से रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में पहली महिला हॉकी इंडिया लीग का आगाज होगा। शाम साढ़े सात बजे विधायक कल्पना सोरेन लीग का उद्घाटन करेंगी। इसके बाद पहला मुकाबला दिल्ली एसजी पाइपर्स और ओड़िशा वारियर्स के साथ होगा। यह मैच रात आठ बजकर चालीस मिनट पर शुरू होगा। महिला हॉकी इंडिया लीग के पहले संस्करण में चार टीमें भाग ले रही हैं। इनमें दिल्ली एसजी पाइपर्स, ओडिशा वारियर्स, श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स और सूरमा हॉकी क्लब शामिल हैं। 15 दिन का लीग चरण 24 जनवरी तक चलेगा और फाइनल मैच 26 जनवरी को खेला जाएगा। प्रत्येक टीम एक–दूसरे के साथ दो बार खेलेगी और शीर्ष दो टीमें खिताब के लिए आमने–सामने होंगी। रांची में 11 मैच खेले जाएंगे जबकि दो मैच राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे।

******************

## अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने रामगढ़ में हुए मुठभेड़ की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।
**दैनिक जागरण** की सुर्खी है – झरिया विधायक रागिनी के कार्यालय पर फायरिंग, विधायक ने लगाया साजिश रचने का आरोप।
**प्रभात खबर** ने लिखा है– पुलिस ने मुठभेड़ में पांच जिलों के आतंक आलोक उर्फ राहुल तुरी को मार गिराया।
**दैनिक भास्कर** लिखता है – कल से प्रयागराज ही सनातन का शक्ति केंद्र, 45 दिन तक रोज लाखों मंत्र जाप और आहूतियां।
**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है–लोहरदगा से गिरफ्तार शाहबाज से दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल कर रही है पूछताछ खुलेंगे कई राज।
अंग्रेजी अखबार हिंदुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने दिल्ली चुनाव से पहले दिल्ली आबकारी नीति पर कैग की रिपोर्ट को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

*********समाप्त*********